## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–01.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **झारखंड की तीन लोकसभा सीटों पर लगभग 68 प्रतिशत मतदान, दुमका में सबसे अधिक 69.89 प्रतिशत पड़े वोट, गोड्डा में 67.24 और राजमहल में 66.98 फीसदी मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग।**
- **दुमका, गोड्डा और राजमहल संसदीय सीट पर सीता सोरेन, निशिकांत दुबे और विजय हांसदा समेत बावन उम्मीदवारों का राजनीतिक भाग्य इवीएम में सील।**
- **चार जून को होगी वोटों की गिनती, राज्य में मतगणना को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां हुई तेज।**
- **राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में मौसम में बदलाव, संताल और कोल्हान इलाके में तेज आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश।**

****************

लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में राज्य की तीन सीटों राजमहल, दुमका और गोड्डा संसदीय क्षेत्रों के लिए आज मतदान आमतौर पर शांतिपूर्ण रहा। सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक दिन भर चले मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मतदाताओं ने जमकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभायी। राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डा. नेहा अरोड़ा ने बताया कि प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक इस चरण में 67.95 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यह दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव की तुलना में तीन दशमलव सात तीन प्रतिशत कम है। दो हजार उन्नीस में इकहत्तर दशमलव अड़सठ प्रतिशत वोट पड़े थे। डॉक्टर अरोड़ा ने बताया कि आज हुए चुनाव में दुमका में सबसे अधिक 69.89 प्रतिशत वोटिंग हुई, जबकि गोड्डा में 67.24 और राजमहल में 66.98 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने यह भी कहा कि ये प्रारंभिक आंकड़े हैं और इसमें वृद्धि संभव है।

****************

राज्य की तीन लोकसभा सीटों के लिए आज मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। दिनभर चले मतदान को लेकर बूथों पर कैसा रहा माहौल। यह जानने के लिए हम सीधे चलते हैं राजमहल संसदीय क्षेत्र के हमारे पाकुड़ संवाददाता के पास।

****************

राज्य की तीन लोकसभा सीटों के लिए आज हुए मतदान में आम और खास, सभी मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सवेरे से ही वोटिंग को लेकर खासा उत्साह देखा गया। मतदान केन्द्रों पर पहली बार वोट करने वाले युवाओं की संख्या भी अच्छी–खासी देखी गयी। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने जामताड़ा जिले के नाला प्रखंड अंतर्गत बूथ संख्या 91 पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया जबकि जामताडा विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने जामताड़ा महाविद्यालय बूथ संख्या 253 पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे ने आज बीएड कॉलेज के बूथ पर मतदान किया। गोड्डा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने भी बोहरा गांव स्थित मतदान केन्द्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के शिकारीपाड़ा के विधायक और दुमका लोकसभा सीट से प्रत्याशी नलिन सोरेन ने भी आज परिवार के साथ मतदान किया। इधर, महगामा से कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने भी परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया।

****************

देशभर में मतदाता जागरूकता को लेकर चलाए गए कार्यक्रम के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स में राज्य को पहला स्थान मिला है।

***************

मतदान संपन्न होने के साथ ही दुमका, गोड्डा और राजमहल संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन, निशिकांत दुबे, ताला मरांडी और झामुमो उम्मीदवार नलिन सोरेन, विजय हांसदा तथा कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव समेत बावन उम्मीदवारों का राजनीतिक भाग्य इवीएम में सील हो गया है।

***************

लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गयी है। सभी जिलों में मतगणना की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। लोहरदगा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि लोहरदगा संसदीय सीट की मतगणना गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में होगी। उधर, पलामू संसदीय सीट की मतगणना के लिए आज 690 मतगणनाकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। वहीँ, गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि कोडरमा संसदीय सीट और गांडेय विधान सभा उपचुनाव की मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गयी है।

***************

लोकसभा चुनाव की चार तारीख को होने वाली मतगणना के पहले विपक्षी आईएनडीआई गठबंधन के नेताओं ने भविष्य की रणनीति की रूपरेखा तैयार करने के लिए आज नई दिल्ली में एक बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन भी मौजूद रहे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने आज शाम किसी भी टीवी चैनल पर लोकसभा एक्जिट पोल की किसी भी चर्चा में भागीदारी करने का निर्णय लिया है।

***************

देवघर से बेंगलुरू के बीच आज से सीधी विमान सेवा शुरू हो गयी। देवघर हवाई अड्डे पर वाटर कैनन से 169 यात्रियों को लेकर बेंगलुरू से देवघर आए विमान का स्वागत किया गया। वहीं, देवघर से बेंगलुरू जाने वाले विमान में 176 यात्री सवार हुए।यह विमान सेवा सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, वृहस्पतिवार और शनिवार को उपलब्ध रहेगी।

***************

धनबाद जिले में अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर बीती रात मधुबन थाना क्षेत्र के खरखरी चानक पर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गयी। इस दौरान भीड़ में से कुछ लोगों ने छह राउंड फायरिंग कर दी, जिसके बाद भगदड़ की स्थिति हो जाने से कई लोग चोटिल हो गए। जिले के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने बताया कि इलाके में अतिरिक्त पुलिस बलों को तैनात किया गया है और स्थिति अब नियंत्रण में है।

***************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने जमशेदपुर के वरिष्ठ पत्रकार और हिन्दी दैनिक उदितवाणी के संस्थापक राधेश्याम अग्रवाल के निधन पर शोक जताया है। सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री ने लिखा है कि श्री अग्रवाल का जाना झारखंड के पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

****************

गढ़वा जिले से पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी, टीएसपीसी के नाम पर लेवी वसूलने के आरोप में छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि इनके पास से पांच देशी कट्टा, पांच गोली, छह खोखा और चार मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

****************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज मौसम में आए बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। रांची और रामगढ़ जिले के कुछ हिस्सों बूंदाबांदी और बारिश होने से न्यूनतम तापमान में गिरावट आयी है। वहीं, संताल परगना के कई हिस्सों में तेज आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया है। उधर, पलामू जिले में लू का प्रकोप जारी है। पिछले 24 घंटे के दौरान मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में ड्यूटी कर रहे होमगार्ड जवान समेत तीन लोगों की मौत लू लगने से हो गयी।

****************

रांची के बेड़ो थाना क्षेत्र स्थित बोदा गांव में मिट्टी खुदाई के दौरान हुए हादसे में आज दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मिट्टी की कटाई के दौरान जमीन धंस गई थी, जिसमें चार लोग दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू करते हुए दो दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन दो की मौत हो गई।

********समाप्त********